भारतीय संसदीय शिष्टमंडल का कोरिया गणराज्य का दौरा संपन्न हुआ

कोरिया गणराज्य, 2 अक्तूबर, 2016 : कोरिया गणराज्य के पांच दिन के आधिकारिक दौरे के चौथे दिन, माननीय लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन ने भारतीय संसदीय शिष्टमंडल के साथ गिम्हे और बुसन का दौरा किया। गरक सोसाइटी के प्रेसिडेंट, श्री की-जे किम, मिन्जू पार्टी के लॉ मेकर, श्री होंग चेओल-मिन और गिम्हे नगर प्रशासन की डिप्टी मेयर, सुश्री सोंग-हे योन ने मिलकर गिम्हे में माननीय अध्यक्ष के सम्मान में एक मध्यान्ह भोज का आयोजन किया। बाद में माननीय अध्यक्ष ने किंग किम सुरो और क्वीन हुह ह्वांग-ओक की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

13वीं शताब्दी में लिखी गई "सम्गुक्युसा" अथवा "तीन साम्राज्यों की विरासत के इतिहास" के अनुसार, 48वीं ई. में भारत के अयोध्या राज्य की राजकुमारी सुरीरत्ना का विवाह गया के राजा किम सुरो से हुआ था और वह रानी हुह ह्वांग-ओक के नाम से प्रसिद्ध हुईं ।शाही परिवार की अगली पीदियों के सदस्यों की संख्या कोरिया की कुल 50 मिलियन की आबादी में से लगभग 5 मिलियन है और इसी कारण दोनों देशों के बीच मजबूत ऐतिहासिक संबंध है।

माननीय अध्यक्ष ने बाद में बुसन में भारतीय सांस्कृतिक केंद्र (आईसीसीबीएस) का दौरा भी किया। भारत-कोरिया राजनयिक संबंधों की 40वीं वर्षगाँठ के अवसर पर वर्ष 2013 में स्थापित आईसीसीबीएस सरकारी निजी भागीदारी के आधार पर कार्य कर रहा एक अद्वितीय मॉडल है। आईसीसीबीएस के कार्यकारी निदेशक और बुसन में भारत के माननीय महावाणिज्यदूत, श्री जेओंग देओक – मिन ने सांस्कृतिक केंद्र में माननीय अध्यक्ष का स्वागत किया और उन्हें आईसीसीबीएस के कार्यकलापों के बारे में जानकारी दी। माननीय अध्यक्ष ने केंद्र में योग, नृत्य

और हिंदी सीख रहे कोरियाई छात्रों और बच्चों से भी बातचीत की। माननीय अध्यक्ष ने भारत और कोरिया के बीच द्विपक्षीय संबंधों को बढावा देने और विशेष रूप से कोरिया में भारतीय संस्कृति को बढावा देने में श्री जेओंग के उत्कृष्ट योगदान के लिए उनकी सराहना की।

माननीय अध्यक्ष और भारतीय शिष्टमंडल का आधिकारिक दौरा 2 अक्तूबर 2016 को गांधी जयंती के अवसर पर बुसन में होंगब्योप्सा मंदिर की यात्रा के साथ संपन्न हुआ। दक्षिण कोरिया में महात्मा गांधी की एकमात्र प्रतिमा इसी मंदिर में स्थापित है। होंगब्योप्सा मंदिर के हेड मोंक, श्रद्धेय शिम सैन ने माननीय अध्यक्ष और भारतीय शिष्टमंडल का स्वागत किया। इस अवसर पर आईसीसीबीएस में कोरियाई बच्चों ने भारत और कोरिया के राष्ट्रगान गाए जिसके बाद श्री बृजेश शर्मा ने गांधीजी के प्रसिद्ध भजन गाए।